भारत सरकार

कोयला मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 2424

जिसका उत्तर 10 अगस्त, 2026 को दिया जाना है

वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड में अनुकंपा अधारित नियुक्ति के मामले

2424. श्री संजय सिंह**:**

क्या **कोयला** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) 2012 से अब तक वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड में प्राप्त अनुकंपा अधारित नियुक्ति के आवेदनों की वर्ष-वार कुल संख्या कितनी है;

(ख) 2012 से अब तक वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड द्वारा स्वीकृत, अस्वीकृत और लंबित अनुकंपा अधारित नियुक्ति के आवेदनों की वर्ष-वार संख्या कितनी है; और

(ग) क्या वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड में अनुकंपा अधारित नियुक्ति हेतु कोई आवेदन वर्ष 2012 में मृत कर्मचारियों के आश्रितों से संबंधित हैं, यदि हां, तो ऐसे आवेदनों की संख्या, वर्तमान स्थिति सहित विलंब या निपटान न होने के क्या कारण हैं?

उत्तर

कोयला और खान राज्य मंत्री
(श्री सतीश चन्द्र दुबे)

(क) : वित्त वर्ष 2012-13 से वित्तीय वर्ष 2025-26 की अवधि के दौरान वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड द्वारा अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति के लिए प्राप्त आवेदनों की कुल संख्या को दर्शाने वाला वर्ष-वार विवरण निम्नानुसार है।

वर्ष	**प्राप्त मामलों की संख्या**
2012-13	603
2013-14	614
2014-15	586
2015-16	463
2016-17	340

2017-18	277
2018-19	299
2019-20	269
2020-21	168
2021-22	515
2022-23	439
2023-24	227
2024-25	324
2025-26	333
कुल	**5457**

(ख) : वित्त वर्ष 2012-13 से वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड में अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति से संबंधित आवेदनों का वर्ष-वार विवरण, जिसमें अनुमोदित, अस्वीकृत और लंबित मामलों की संख्या दर्शाई गई है, निम्नानुसार है।

वर्ष	**स्वीकृत**	**अस्वीकृत**	**लंबित**
2012-13	**594**	4	5
2013-14	**604**	8	2
2014-15	**579**	4	3
2015-16	**445**	13	5
2016-17	**320**	14	6
2017-18	**259**	13	5
2018-19	**282**	11	6
2019-20	**259**	7	3
2020-21	**161**	1	6
2021-22	**507**	3	5
2022-23	**415**	9	15
2023-24	**217**	0	10
2024-25	**311**	7	6
2025-26	**299**	1	33
कुल	**5252**	95	110

(ग) : जी, हां। डब्ल्यूसीएल को वर्ष 2012 में मरने वाले कर्मचारियों के आश्रितों से संबंधित अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति के लिए आवेदन प्राप्त हुए हैं। इन आवेदनों की देरी या गैर-निपटान के कारणों के साथ वर्तमान स्थिति निम्नानुसार है।

वर्ष 2012 में मृत्यु के मामलों के आवेदनों की संख्या	**स्वीकृत**	**अस्वीकृत**	**लंबित**	**देरी/लंबित होने के कारण**
348	346	0	2	**मामला सं. 1** न्यायालय के आदेशों के अनुसार दावेदार द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले एसएससी प्रमाण पत्र में जन्म तिथि का सुधार किया जाना है। **मामला सं. 2** पूर्व कर्मचारी की विधवा द्वारा दी गई परिवार की जानकारी में कुछ विसंगतियां थी, इसलिए, परिवार के सदस्यों के नाम और आयु विवरण के लिए घोषणात्मक आदेश मांगा गया है। यह मामला जिला/परिवार न्यायालय में न्यायाधीन है।

****